प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- देशभर में कल से शुरू होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान को लेकर राज्य में भी व्यापक तैयारियां
- प्रदेश में कल कोरोना संक्रमण के 9 नये मामले सामने आये–चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा, वायरस घातक नहीं होने के कारण घबराने की जरूरत नहीं
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी किया जाएगां
- राज्य में तेज गर्मी और लू के साथ कई स्थानों पर उमस से जनजीवन बेहालं

0000

देश में विकसित कृषि संकल्प अभियान कल से शुरू होगां इस अभियान की शुरुआत ओडिशा के पुरी में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगें 12 जून तक चलने वाले अभियान में देश के 700 से अधिक जिलों को शामिल किया जाएगां कृषि मंत्री अभियान के दौरान राजस्थान सहित 20 राज्यों का दौरा करेंगें वे किसानों और वैज्ञानिकों को प्रेरित करेंगे और उनके साथ सीधे संवाद करेंगें अभियान का उद्देश्य किसानों को विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष प्रमुख खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना हैं साथ ही लाभकारी सरकारी योजनाओं और नीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना हैं इस अभियान के तहत, टीमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का सही उपयोग, फसल चयन और संतुलित उर्वरक आवेदन में मार्गदर्शन करेंगीं अभियान के लिए प्रदेश में भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं सवाईमाधोपुर, कोटपूतली–बहरोड, डीग और भरतपुर में इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई हैं प्रधानमंत्री कल गुजरात के गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20 वर्ष की गाथा के उत्सव के अवसर पर बोल रहें प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य की स्वतंत्रता आंदोलन से तुलना करते हुए कहा कि अगर पिछली पीढ़ियां 20–35 वर्ष में औपनिवेशिक शासकों को देश से बाहर निकाल सकती हैं, तो आज के 140 करोड़ नागरिक भी अगले 25 वर्ष में विकसित भारत के सपने को साकार कर सकते हैं

......

प्रधानमंत्री ने भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर कहा कि पूर्व औपनिवेशिक शक्ति से आगे निकलना ऐतिहासिक उपलब्धि हैं उन्होंने कहा कि अब तीसरे स्थान पर पहुंचने की कोशिशें जोर पकड़ रही हैं

0000

राम जल सेतु लिंक परियोजना के पहले चरण में चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट बनाने के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से मिली मंजूरी के बाद मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक ने भी स्वीकृति दे दी हैं इस एक्वाडक्ट के माध्यम से रामगढ, महलपुर, और नवनेरा बैराज का पानी चम्बल नदी को पार करके मेज बैराज में डाला जाएगां

............

00000

प्रदेश में कल कोरोना संक्रमण के 9 नये मामले सामने आयें जयपुर में 7 लोगों में और जोधपुर में 2 में संक्रमण की पुष्टि हुई हैं इसे लेकर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग सतर्क हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि वायरस घातक नहीं हैं इससे घबराने की जरूरत नहीं हैं उन्होंने आमजन से खांसी, जुकाम या बुखार जैसे लक्षण नजर आने पर एहतियात बरतते हुए अस्पताल जाकर आवश्यक परामर्श, जांच और उपचार लेने को कहा हैं उन्होंने अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा तथा उपचार के लिए आवश्यक इंतजाम रखने के निर्देश दिएं बैठक में विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने अधिकारियों को प्रदेश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहां जन स्वास्थ्य निदेशक रवि प्रकाश शर्मा ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि कोविड वायरस का ये वेरियंट घातक नहीं हैं

......

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी किया जाएगां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कोटा कलेक्ट्रेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये शाम 4 बजे ये नतीजे जारी करेंगें बोर्ड सचिव कैलाश चन्द शर्मा ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध होगां 10वीं की परीक्षा के लिए इस साल 10 लाख 96 हजार से ज्यादा बच्चों ने आवेदन किया थां ये परीक्षा 6 मार्च से 4 अप्रेल तक आयोजित की गई थीं

0000

झुंझुनूं जिले ने वित्त वर्ष 2024–25 में बीस सूत्री कार्यक्रम में राज्यस्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हांसिल किया हैं राज्य आयोजना विभाग की ओर से जारी रैकिंग में झुंझुनूं को 30 में से 28 अंक मिले हैं जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने  प्रशासनिक टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिले ने यह स्थान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समर्पित प्रशासनिक प्रयासों के माध्यम से प्राप्त किया हैं

......

0000

प्रदेश में तेज गर्मी और लू के साथ कई स्थानों पर उमस से जनजीवन बेहाल हैं पिछले 24 घंटों में बीस शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गयां 46 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहां वहीं फलौदी में रात का तापमान 34 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआं भीषण गर्मी और उमस के बीच कई जगह तेज अंधड और हल्की बारिश का सिलसिला भी जारी हैं बाडमेर में कल शाम मौसम में बदलाव आया और ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी के साथ बरसात हुई

......

मौसम विभाग के अनुसार आज और कल जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना हैं

0000

आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई हैं केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी के बयान में कहा गया है कि आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन और लोगों को आवश्यक दस्तावेज हासिल करने का समय देने के लिए यह फैसला किया गया हैं

0000